an>

Title:Need to install BSNL towers in Ramtek Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : आज देश के ग्रामीण एवं शहरी भागों में, मोबाइल और इन्टरनेट हम सभी के जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं। देश में अनेक लोग विशेÂ◌ाकर ग्रामीण क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल. की सेवा लेना पसंद करते हैं, लेकिन गाँवों में आवश्यक मात्रा में बी.एस.एन.एल. के टावर उपलब्ध नहीं है। इसमें मेरे संसदीय क्षेत्र रामटेक (महाराÂट्र) के अंतर्गत आने वाला गाँव गोडेगाँव कालोनी भी शामिल है। इस गाँव में बी.एस.एन.एल. का कोई टावर नहीं है तथा मोबाइल के नेटवर्क हमेशा गायब ही रहते हैं जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का समना करना पड़ रहा है। इसी तरह की स्थिति अन्य गाँवों में भी है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला गाँव गोडेगाँव कालोनी में बी.एस.एन.एल. टावर लगाया जाए, साथ ही अन्य गाँवों का भी सर्वेक्षण करवाकर बी.एस.एन.एल. के टावर स्थापित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे क्षेत्रीय जनता की परेशानियाँ दूर हो सकें।